INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL BURAIDAH

Sample question paper ( 2024– 2025) SUBJECT : HINDI

Class : VII / Date : 15/ 09 / 24 / Duration : 2 Hours / Max . Marks : 60

## खंड – क { 5 Marks }

प्र.अ-निम्नलिखितअपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए । (1x5=5)

नर्मदा नदी के तीर पर एक बड़ा सेमल का वृक्ष था। उस पर पक्षी घोंसला बनाकर उसके भीतर, सुख से रहा करते थे। एक दिन आसमान में काले बादल छाए। उसके बाद मूसलाधार बारिश हुई। बारिश से बचने के लिए बंदरों का झुंड पेड़ के नीचे आई । उसी पेड़ पर पक्षियों का परिवार रहता था। उन भीगे और ठंड से काँपते बंदरों को देख पक्षियों को दया आयी। पक्षियों ने दया से कहा – अरे भाई बंदरों सुनो, हमने केवल अपनी चोंच की मदद से इकट्ठा किये हुए तिनकों से घोंसले बनाये हैं और तुम तो हाथ, पाँव आदि से युक्त हो कर भी ऐसा दुख क्यों भोग रह हो? यह सुन कर बंदर झुँझला गए। उन्होंने आपस में विचार किया कि घोंसलों में आराम से रह कर ये हमारा मजाक उड़ा रहे हैं। इन्हें सबक सिखाया जाए। बंदरों ने पक्षियों के घोंसलों पर हमला कर दिया। पक्षी किसी तरह जान बचाकर उड़ पाए। बंदरों ने सारे घोंसलों को तहस- नहस कर दिया। पक्षियों के अंडे फूट गए। बारिश भी बंद हो गयी थी। बन्दरों का समूह अपनी दुष्टता पर खुश हो कर चला गया। पक्षी आज बिना घोंसलों के थे। फिर से तिनका - तिनका जोड़ कर घोंसला बनाने की तैयारी में पक्षी का परिवार निकल गया।

१) पक्षी घोंसला बनाकर कहाँ रहते थे?

(क) बंदरों के साथ (ख) नर्मदा नदी में
(ग) वृक्ष पर (घ) आसमान में

२) पक्षियों ने बंदरों को क्या सलाह दी?

(क) बादलों को भगाने को कहा (ख) घोंसला बनाने को कहा
(ग) घर बनाने को कहा (घ) उपरोक्त सभी

३) बंदरों ने आपस में क्या विचार किया?

(क) घर कैसे बनाया जाए (ख) पक्षियों को कैसे सबक सिखाया जाए
(ग) पक्षियों को कैसे भगाया जाए (घ) उपरोक्त सभी

४) 'नदी' शब्द का पर्यायवाची कौन- सा नहीं है?

(क) तरिनी (ख) सरिता
(ग) तटिनी (घ) तरंगिनी

५) बंदरों द्वारा किये गये हमले से क्या हुआ?

(क) घोंसले टूट गये (ख) बंदर खुश हो गये
(ग) पक्षी भाग गये (घ) उपरोक्त सभी

## खंड – ख { 30 Marks }

(पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न)

प्र.आ- निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(1x5=5)

कहाँ ये भागी जा रही हैं ? वह कौन लक्ष्य है जिसने इन्हें बेचैन कर रखा है ? अपने महान पिता का विराट प्रेम पाकर भी अगर इनका हृदय अतृप्त ही है तो वह कौन होगा जो इनकी प्यास मिटा सकेगा ! बरफ जली नंगी पहाड़ियाँ , छोटे – छोटे पौधों से भरी घाटियाँ , बंधुर अधित्यकाएँ , सरसब्ज उपत्यकाएँ – ऐसा है इनका लीला निकेतन ! खेलते – खेलते जब ये जरा दूर निकल जाती हैं तो देवदार , चीड़ , सरो , चिनार , सफेदा , कैल के जंगलों में पहुँचकर शायद इन्हें बीती बातें याद करने का मौका मिल जाता होगा। कौन जाने , बुड्ढा हिमालय अपनी इन नटखट बेटियों के लिए कितना सिर धुनता होगा ! बड़ी – बड़ी चोटियों से जाकर पूछिए तो उत्तर में विराट मौन के सिवाय उनके पास और रखा ही क्या है ?

१) पाठ और लेखक का नाम लिखिए ।
२) 'विराट' शब्द का अर्थ लिखिए ।
३) हिमालय की चोटियाँ इन बेटियों के बारे में क्या जवाब देती हैं ?
४) नदियाँ खेलते-खेलते कहाँ पहुँच जाती है ?
५) कौन भागी जा रही है ?

प्र.इ- निम्नलिखित शब्दों में से **किन्हीं पाँच** के अर्थ लिखिए । (5x1=5)

१) कनक - २) कौतूहल - ३) अचरज - ४) गुस्से में उबलना ५ ) दस्तूर - ६) साफ़ा ७) गति -

प्र.ई- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (6x2=12)

१) काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है ?
२) कठपुतली को धागे से क्यों बाँधा जाता है ?
३) खिलौनेवाला अलग-अलग चीज़ें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था ?
४) हर तरह की सुख सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते ?
५) 'शाम एक किसान' कविता को चित्रित करने के लिए किन-किन रंगों का प्रयोग करना होगा ?
६) रोहिणी को मुरली वाले के स्वर से खिलौने वाले का स्मरण क्यों हो आया ?

प्र.उ- नीचे दिए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए। (3x1=3)

*कठपुतली*
*गुस्से से उबली*
*बोली – ये धागे*
*क्यों हैं मेरे पीछे – आगे ?*
*इन्हें तोड़ दो ;*
*मुझे मेरे पाँवों पर छोड़ दो।*

१. कठपुतली गुस्सा क्यों हो जाती है ?
(क) अपनी सहेलियों को देखकर (ख) अपने आप को धागों में बंधा देखकर (ग) इनमें से कोई नही

२. कठपुतली क्या चाहती है ?
(क) सारे धागे तोड़कर स्वतंत्र होना चाहती है। (ख) सबके साथ मिलकर रहना चाहती है। (ग) इनमें से कोई नही

३. 'गुस्से से उबलना' मुहावरे का अर्थ है -
(क) बहुत अधिक गुस्सा आना (ख) कम-से-कम गुस्सा आना (ग) बहुत थोड़ा गुस्सा आना

प्र.ऊ- निम्न दी गई कविताओं में से **किसी एक** कविता का सार लिखिए । (1x5 = 5)
१) काठपुतली
२) हम पंछी उन्मुक्त गगन के

## खंड – ग { 12 Marks }

भाषा की बात (व्याकरण परआधारित प्रश्न)

प्र.ऋ- निम्नलिखित व्याकरण अधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त विकल्प चुनकर दीजिए। (1x10=10)

१) 'चिकनाहट' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है -
(क) चिकना (ख) आहट (ग) हट

२) कवि शब्द का स्त्रीलिंग है-
(क) कवित्री (ख) कवियित्री (ग) कवयित्री

३) 'नदी' शब्द का बहुवचन होगा-
(क) नदीयाँ (ख) नादियाँ (ग) नदियाँ

४) 'हवा' शब्द का पर्यायवाची नहीं है-
(क) अनल (ख) पवन (ग) वायु

५) 'अपना' शब्द का विलोम है –
(क) हमारा (ख) तुम्हारा (ग) पराया

६) ' पवन' का संधि विच्छेद क्या है -
(क) प + अवन (ख) प + वन (ग) पौ + अन

७) श, ष,स ,ह ______ व्यंजन है -
(क) संयुक्त (ख) स्पर्श (ग) ऊष्म

८) 'हित चाहने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए -

(क) हित्षी (ख) हितैषी (ग) जिज्ञासु

९) 'उपदेश' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है -

(क) उप (ख) उ (ग) अप

१०) ' पट ' शब्द के अनेकार्थक शब्द हैं -

(क) कपाट, वस्त्र ,पान (ख) कपाट, छत ,पक्ष (ग) कपाट, वस्त्र ,छत

११) मौखिक तथा लिखित भाषा के चार – चार उदाहरण लिखिए । (2)

खंड – घ { 13 Marks}

(रचनात्मक लेखन कौशल पर आधारित प्रश्न)

प्र.ए- निम्नलिखित विषयों **किसी एक** विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (1 x 5 = 5)

(i) स्मार्ट क्लास की उपयोगिता

(ii) जब मैं पहली बार विमान में बैठा

प्र.ऐ- अपने मित्र को छुट्टियाँ अपने साथ बिताने के लिए आमंत्रित करते हुए एक पत्र लिखिए। (1 x 5 = 5)

अथवा

पुस्तक विक्रेता से पुस्तक मंगवाने के लिए ईमेल लिखिए।

प्र.अं- दिए चित्र को देखकर तीन वाक्य लिखिए। (3)

